P.S. GOPALAKRISHNAN, Secretary.

B.R. MAHESHWARI, Vice-President.

P.N. NARIELVALA, President.

P.R. MEHRA, M.R. VENKATARAMAN, Chartered Accountants.

P. S. GOPALAKRISHNAN, Secy.

## वि इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स आफ इंडिया

अधिसूचना

### चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स

नई दिल्ली, 26 सितम्बर, 1975

**सं० 48–सी०ए० (1)/75.**—चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स एक्ट 1949 के भाग 18 के उपभाग (5) के अनुसरण में, 31 मार्च 1975 को समाप्त हुए वर्ष के लिये कौंसिल की रिपोर्ट एवं आडिट किये हुए लेखे की प्रतिलिपि सामान्य सूचना के लिए एतद्द्वारा प्रकाशित की जाती है।

### कौंसिल

**1. कौंसिल के सदस्य और सकी विभिन्न समितियां**

नवीं कौंसिल 17 सितम्बर, 1973 को गठित की गई थी। सितम्बर 1974 को सम्पन्न कौंसिल की मीटिंग में बनाई गई कौंसिल तथा उसकी विभिन्न स्थाई और अन्य समितियों के सदस्यों के नाम क्रमशः परिशिष्ट—I और II में दिये गये हैं।

**2. अध्यक्ष और उपाध्यक्ष**

श्री एन० सी० कृष्णन् (मद्रास) जो पिछले वर्ष उपाध्यक्ष थे, कौंसिल की सितम्बर, 1974 में हुई अपनी बैठक में 17 सितम्बर, 1974 से एक वर्ष की अवधि के लिए अध्यक्ष चुने गये। उसी बैठक में श्री पी० एम० नारियलवाला (कलकत्ता) उसी अवधि के लिए उपाध्यक्ष चुने गये।

**3. कौंसिल की बैठकें**

वर्ष के दौरान कौंसिल की तीन बैठकें हुईं—पहली 19 और 20 जुलाई, 1974 को, दूसरी 13 और 14 सितम्बर, 1974 को और तीसरी 20 और 21 फरवरी 1975 को।

## II. वित्त

**1. एकाउण्ट्स**

31 मार्च, 1975 तक की बैलेंस शीट और उस दिन समाप्त हुए वर्ष के लिए आडिट किये हुए आय और व्यय लेखे इस रिपोर्ट के अन्त में दिए गए हैं। वर्ष की आय व्यय लेखा रु० 10,52,469 का घाटा दिखाता है, जबकि गत वर्ष को रु० 3,31,273 का घाटा दिखाया गया था इस वर्ष घाटे की राशि अधिक होने का मुख्य कारण वेतन आयोग की सिफारिशें लागू करने से कर्मचारी व्यय अधिक बढ़ने और लागत में सामान्य वृद्धि और विशेषकर कागज की लागत बढ़ना है। आगे घाटे को कम करने के लिए अनेक आन्तरिक आर्थिक पग उठाये गये हैं और अप्रैल, 1975 में बढ़ाये शुल्क जो पूर्णतः अपर्याप्त समझे गये के अतिरिक्त अप्रैल, 1976 से शुल्क में वृद्धि करने का प्रस्ताव है।

**2. आडीटर्स**

सर्वश्री पी० आर० मेहरा और एम० आर० वेंकटरमन, 31 मार्च, 1975 को समाप्त हुए वर्ष के लिए भी इंस्टीट्यूट के आडीटर्स बने रहे।

## III. सदस्य

### 1. सदस्यता

इंस्टीट्यूट के सदस्यों की संख्या 31 मार्च, 1975 को 15372 थी, जो 31 मार्च, 1974 से 1061 अधिक थी। रिपोर्ट वर्ष के दौरान 426 एसोसियेट फैलो के रूप में नामांकित किये गये, जबकि गत वर्ष इनकी संख्या 441 थी। परिशिष्ट—III में सदस्यों का वर्गीकरण दिया गया है।

### 2. सदस्यों द्वारा देय शुल्क मे वृद्धि

जैसा कि पिछली रिपोर्ट में उल्लिखित किया गया था एक दशी के बाद सदस्यों द्वारा देय शुल्क में 1 अप्रैल, 1975 से वृद्धि की गई थी। इस वृद्धि की मात्रा फरवरी 1974 में निश्चित की गई थी जो बाद में हुई लागत वृद्धि के फलस्वरूप पूर्णतः अपर्याप्त समझी गई और शुल्क में पुनः वृद्धि अनिवार्य मानी गई। वर्तमान आय और आगामी पांच वर्ष में सम्भाव्य व्यय के आधार पर सन् 1979–80 के अन्त तक रु० 68.39 लाख का संचयी घाटा दिखाई देता है। यह ऐसी स्थिति है जिसका समत्व के साथ विचार नही किया जा सकता। ऐसी स्थिति में सभी प्रकार से मितव्ययता बरतने के बाद शुल्क में आगे वृद्धि प्रस्तावित करने के अलावा और कोई चारा नहीं रह गया था ताकि आय और व्यय के अन्तर को दूर किया जा सके।

1 अप्रैल 1976 से प्रस्तावित संशोधित शुल्क निम्न प्रकार है:—

| | से | तक |
|---|---|---|
| एसोसिएट सदस्य | रु० 45.00 | रु० 60.00 |
| फैलो सदस्य | रु० 110.00 | रु० 150.00 |
| प्रैक्टिस की सर्टिफिकेट | रु० 75.00 | रु० 150.00 |

यह भी निर्णय किया गया है कि चार्टर्ड एकाउन्टेंट्स एक्ट में संशोधन किया जाये ताकि प्रवेश शुल्क में बनने वाले एसोसिएट सदस्य के लिए रु० 300/– से रु० 500/– और फैलो सदस्य बनने के लिए रु० 200/– से रु० 500/– की वृद्धि कर दी जाये।

### 3. प्रैक्टिस करने की सर्टिफिकेट की नई प्रणाली

दि चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स रैगुलेशन्स में संशोधन करने के बाद प्रति वर्ष करने की सर्टिफिकेट के नवीकरण की प्रणाली को समाप्त कर दिया गया है। सभी सदस्यों को, जो 1 जुलाई, 1975 को प्रैक्टिस कर रहे थे, नये फार्म में प्रैक्टिस करने की नवीयन सर्टिफिकेट बिना एक वर्ष मान्यता की सीमा के जारी कर दी गई हैं। संशोधित रैगुलेशन्स में यह व्यवस्था की गई है कि प्रैक्टिस कर रहे सदस्य ने सम्बन्धित वर्ष के लिए अपनी वार्षिक प्रैक्टिस करने की सर्टिफिकेट का शुल्क 31 जुलाई तक अदा नहीं किया तो उसकी प्रैक्टिस करने के सर्टिफिकेट उस वर्ष के 1 अगस्त से रद्द मानी जायेगी।

### 4. दक्षिण क्षेत्र के विद्यार्थियों और सदस्यों के रजिस्ट्रेशन का विकेन्द्रीकरण

दक्ष सेवा प्रदान करने और इंस्टीट्यूट को सदस्यों और विद्यार्थियों के और समीप लाने के उद्देश्य से मद्रास में दक्षिण भारत क्षेत्र के सम्बन्ध में आर्टिकिल्ड और आडिट क्लर्कों के रजिस्ट्रेशन और सदस्यों को नामांकन करने के कार्य का 1 नवम्बर, 1974 से विकेन्द्रीकरण कर दिया गया है। अन्य क्षेत्रों में इसी प्रकार के विकेन्द्रीकरण की सम्भावना विचारणीय है।

**5. अनुशासनात्मक कार्यवाही**

रैगुलेशन 11(8)(I) के अधीन पिछली रिपोर्ट के बाद अनुशासनात्मक समिति की जांच के लिये भेजे गये मामलों और कौंसिल के निष्कर्ष का ब्यौरा परिशिष्ट 4 में दिया गया है।

**6. सदस्यों की सूची**

1 अप्रैल, 1975 तक के सदस्यों की सूची प्रकाशित की जा रही है और जिन सदस्यों ने प्रतियां की मांग की है, वह उन्हें भेज दी जायेगी।

**7. सदस्यों का निधन**

कौंसिल खेद के साथ वर्ष के दौरान सदस्यों की हुई दुःखद निधन की सूचना रिकार्ड करती है, जिनके नाम परिशिष्ट 5 में दिये गये हैं।

## IV. आर्टिकिल्ड और आडिट क्लर्क

**1. नये नामांकिन**

वर्ष के दौरान पंजीकृत आर्टिकिल्स और आडिट क्लर्कों की संख्या पिछले वर्ष पंजीकृत की तुलना में निम्नांकित है :—

| | 1974–75 | 1973–74 |
|---|---|---|
| आर्टिकिल्ड क्लर्क . . . . | 3523 | 4043 |
| आडिट क्लर्क . . . . | 36 | 2070 |

अप्रैन्टिस के पंजीकरण में कमी के निम्नांकित कारण हैं:—

(क) अप्रैन्टिसशिप में सीधे प्रवेश के लिए लगाया गया प्रतिबन्ध, केवल वहीं स्नातक ग्राह्य हैं जो अपनी डिग्री परीक्षा में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हैं; तथा

(ख) आडिट क्लर्क के रूप में पंजीकरण पर लगाया गया प्रतिबन्ध, केवल वही ग्राह्य हैं जिन्होंने सम्बन्धित सदस्यों के यहां मासिक वेतन प्राप्त कर्मचारी के रूप में कार्य किया है और न्यूनतम रु० 150 मासिक वेतन प्राप्त किया है ।

**2. आर्टिकिल्ड/आडिट क्लर्कों के पंजीकरण की तिथि**

जैसा कि गत वर्ष की रिपोर्ट में उल्लिखित है, कौंसिल ने निर्णय किया है कि ट्रेनिंग आरम्भ करने की चार निश्चित तिथियों अर्थात् 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्तूबर की वर्तमान आवश्यकता को हटा दिया जाये। इस सम्बन्ध में जब तक रेगुलेशन्स में संशोधन होता है (जिसके लिए कार्यवाही आरम्भ कर दी गई है।) कौंसिल ने अध्यक्ष को प्राधिकृत किया है कि उन विद्यार्थियों के अनुरोध पर ट्रेनिंग आरम्भ करने की तिथि में छूट दे दी जाये जिनके डिग्री परीक्षा के परिणाम देरी से घोषित होने के कारण वेउपयुक्त चार तिथियों में से किसी एक तिथि से अपनी ट्रेनिंग आरम्भ न कर सके।

3. पंजीकरण शुल्क

इस तथ्य पर विचार करते हुए कि प्रशासन लागत में वृद्धि हुई है, कौंसिल ने आर्टिकिल्ड और आडिट सेवा के पंजीकरण के लिए शुल्क क्रमशः रु० 40 और रु० 30 से दोनों मामलों में बढ़ा कर रु० 50 कर दिया है ।

कौंसिल ने यह भी निर्णय दिया है कि—एक नियोक्ता से दूसरे के यहां तबादले अथवा आर्टिकिल्ड सेवा सौंपने के सभी मामलों में, तथा एक नियोक्ता से दूसरे के यहां आडिट सेवा के तबादले के सभी मामलों में, जहां वर्तमान में कोई शुल्क देय नहीं है, पंजीकरण शुल्क रु० 20 लिया जाये ।

इस उद्देश्य के लिए सम्बन्धित रेगुलेशन में संशोधन किये जा रहे हैं ।

4. आर्टिकिल्ड क्लर्कों को वृत्तिका

दि चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट के अक्टूबर, 1974 अंक में प्रकाशित एक नोट में यह उल्लिखित था कि कुछ सदस्यों ने रैगुलेशन 32 बी की वैधता को, जिसमें 1 जुलाई, 1973 को अथवा उसके बाद ट्रेनिंग आरम्भ करने वाले आर्टिकिल्ड क्लर्कों को वृत्तिका का भुगतान करने का दायित्व सौंपा गया है, कलकत्ता और मद्रास के उच्चतम न्यायालयों में चुनौती दी थी और उक्त न्यायालयों के समक्ष मामले विचाराधीन थे । नोट में यह लिखा गया था कि इस बारे में प्रश्न पूछे गये कि उपर्युक्त याचिकाओं को ध्यान में रखते हुए, कि सदस्यों के लिए अपने आर्टिकिल्ड क्लर्कों को, विशेष कर उपर्युक्त दो न्यायालयों के क्षेत्राधीन क्षेत्रों में, वृत्तिका अदा करना आवश्यक है । नोट में यह स्पष्ट किया गया कि न्यायालयों द्वारा दिया गया स्टे केवल माननीय उच्च न्यायालयों के समक्ष विचाराधीन मामलों तक ही सीमित था, और अन्य सदस्यों को वृत्तिका अदा करने के दायित्व को उससे कोई अन्तर नहीं आता ।

उक्त नोट के प्रकाशन के बाद, "दि सोसायटी आफ आडीटर्स", मद्रास ने इस विषय पर मद्रास उच्च न्यायालय के समक्ष याचिका दाखिल की और रैगुलेशन 32 बी के प्रवर्तन के लिए आरम्भ में एक अन्तरिम स्टे प्राप्त कर लिया । इंस्टीट्यूट की ओर से दी गई याचिका पर माननीय उच्च न्यायालय ने अन्तरिम स्टे आर्डर को रद्द कर दिया ।

रैगुलेशन 32 बी में व्यवस्था है बम्बई, कलकत्ता, दिल्ली, नई दिल्ली, मद्रास और कानपुर के नगरों में वृत्तिका की अदायगी की दर ट्रेनिंग के प्रथम वर्ष में रु० 60 प्रति माह, ट्रेनिंग के द्वितीय वर्ष में रु० 100 प्रति माह और ट्रेनिंग की तृतीय वर्ष में रु० 150 प्रति माह होगी

कौंसिल ने निर्णय किया है कि उच्चतर दर पर वृत्तिका अदा करने के मामले में "कानपुर" के सन्दर्भ को निकाल दिया जाये, ताकि रैगुलेशन 32बी में आवश्यक संशोधन के बाद, कानपुर में वृत्तिका उपर्युक्त दर की आधी देय होगी ।

5. औद्योगिक प्रशिक्षण

उन संस्थानों के लिए, जो चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस पाठ्यक्रम के लिए विद्यार्थियों को औद्योगिक प्रशिक्षण देते हैं और उन्हें कोई वृत्तिका नहीं देते थे अथवा वृत्तिका प्रतिमास रु० 150 से कम देते थे, एक अपील जारी की गई कि वे उन्हें न्यूनतम रु० 150 प्रति माह वृत्तिका अदा करें

उन महत्वपूर्ण संस्थानों को, जो वर्तमान औद्योगिक प्रशिक्षण नहीं देते, एक और अपील जारी की गई कि वे अपने संगठनों में यह सुविधा करायें ।

6. **आर्टिकिल्ड सेवा समाप्ति पर सर्टिफिकेट का नया फार्म**

कौंसिल ने निर्णय किया है कि चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स रैगुलेशनस में संशोधन करके आर्टिकिल के अधीन ट्रेनिंग सामान्य तिथि को पूर्ण होने से पूर्व ही समाप्त करने की स्थिति में सेवा की सर्टिफिकेट जारी करने के लिए एक प्रथक फार्म (फार्म नं० 20 ए) की व्यवस्था की जाये। सर्टिफिकेट छपे हुए फार्म पर जारी किए जायेंगे जो सचिव से प्राप्त करना होगा ? ऐसे फार्म पर इंस्टीट्यूट की मुहर और उसके जारी करने की तिथि होगी और यह उसके बाद केवल 60 दिन की अवधि के लिए ही मान्य होगा। चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स रेगुलेशन्स में इस सम्बन्ध में संशोधन करने के लिए उचित कदम उठाये जा रहे हैं।

7. **कोचिंग बोर्ड**

(क) **विद्यार्थियों के नामांकन.**—विद्यार्थियों के नामांकन एवं अन्य सम्बन्धित मामलों की सांख्यकीय परिशिष्ट 6 में दी गई है

(ख) **अध्ययन सामग्री.**—विद्यार्थियों को दी जाने वाले अध्ययन सामग्री को पूर्वानुसार निरन्तर आधुनिकतम बनाया जा रहा है साथ ही, बोर्ड इंस्टीट्यूट के जरनल में नियमित रूप से फीचर्स दे रहा है, जो संक्षिप्त में वर्तमान घटनाएं,एकाउन्टिंग और औडिटिंग से सम्बन्धित विदेशी जरनलों में प्रकाशित महत्वपूर्ण आर्टिकलों का सारांश और आयकर और कम्पनी मामलों का डाइजेस्ट देता है।

(ग) **विद्यार्थी लायब्रेरी.**—विद्यार्थी लाइब्रेरियों की कुल संख्या 29 रही, जिनमें क्षेत्रीय हैडक्वार्टरों में स्थित लाइब्रेरी भी सम्मिलित है।

(घ) **दुहराने की कक्षायें.**— ये लोकप्रिय रहीं और क्षेत्रीय हैडक्वार्टर्स स्थित केन्द्रों के अतिरिक्त अनेक केन्द्रों पर आयोजित की जा रही है। मद्रास में इंटेन्सीफाइड पाठ्यक्रम लोकप्रिय बना रहा। बोर्ड के निर्णयानुसार, जिसका उल्लेख गत वर्ष की रिपोर्ट में किया गया था, नये रैगुलेशन्स के अधीन इंटरमीडिये ट परिक्षा के लिए चार-मासीयकक्षाओं के दो सत्र मद्रास और एक-एक सत्र दिल्ली और बम्बई में आयोजित किये गये। जिन विद्यार्थियों की कक्षाओं की उपस्थिति 75 प्रतिशत है और जिन्होंने संतोषजनक रूप में ट्यूटोरियल का 75 प्रतिशत पूरा कर लिया है, उन्हें बोर्ड के प्रश्न पत्रों के उत्तर देने में छूट दे दी जायेगी।

(च) **प्रकाशन.**—इंस्टीट्यूट की परीक्षाओं में रखे गये प्रश्नों के सुझाए गये उत्तर के वाल्यूमों के सम्बन्ध में कोचिंग बोर्ड अत्याधुनिक है, नवम्बर 1974 सम्बन्ध परीक्षाओं के वाल्यूम भी प्रकाशित किये जा चुके हैं।

(छ) **योग्यता एंव ऋण छात्रवृत्तियां.**— रिपोर्ट की अवधि के दौरान 10 योग्यता एवं 41 ऋण छात्रवृत्तियां प्रदान की गई।

(ज) **विभिन्न.**—बोर्ड के निर्णयानुसार जो इंस्टीट्यूट द्वारा संचालित प्रवेश परीक्षा में बैठना चाहते हैं उनके लिए एक वैकल्पिक पत्राचार पाठ्यक्रम प्रस्तुत किया जाये, विचाराधीन अवधि के दौरान 498 विद्यार्थियों ने यह पाठ्यक्रम लिया ।

### 8. विद्यार्थी एसोसियेशन और उनकी शाखाएं

विद्यार्थी एसोसियेशनें और उनकी शाखाएं सभी क्षेत्रों अर्थात् पश्चिम, दक्षिण, पूर्व, केन्द्रीय और दक्षिण में काम करती रही । इनमें से कुछ सक्रिय थीं और उन्होंने कांफ्रेंस, सेमिनारें, लैक्चर्स, स्टडी सर्किल मीटिंग आदि आयोजित कीं ।

पश्चिम भारत चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स स्टूडेन्ट्स एसोसियेशन की उक्त शाखा 1 अक्तूबर, 1974 से सूरत में खोली गई ।

## V. परिक्षाएं

### 1. परिक्षाएं 1974

सम्पूर्ण भारत में केन्द्रों पर मई और नवम्बर, 1974 में परीक्षाएं यथावत हुईं । परीक्षार्थियों की संख्या एवं जिन्होंने परीक्षा में भाग लिया और जो उत्तीर्ण हुए उनका सांख्यिकीय ब्यौरा परिशिष्ट 7 में दिया गया है ।

### 2. पुरस्कार और योग्यता प्रमाण पत्र

मई और नवम्बर, 1974 को हुई परीक्षाओं में जिन परीक्षार्थियों को पुरस्कार एवं योग्यता-प्रमाण पत्र प्रदान किये गये, उनके नाम परिशिष्ट 8 में दिये गये हैं ।

### 3. परीक्षार्थियों के विरुद्ध कार्यवाही

कौंसिल ने 5 अभ्यार्थियों को, जिन्हें परीक्षाओं में अनुचित साधनों का प्रयोग करते हुए पाया गया, विभिन्न अवधियों के लिए परीक्षा में बैठने के अयोग्य घोषित कर दिया है ।

### 4 प्रवेश.—परीक्षा के कुछ प्रश्नपत्रों में वाणिज्य स्नातकों को छूट

कौंसिल ने निर्णय किया है कि वाणिज्य स्नातकों को जिन्हें डिग्री परीक्षा में 50 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त हुए हैं और उसके फलस्वरूप चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट पाठ्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करनी आवश्यक होती है, उन्हें प्रवेश परीक्षा के प्रश्न पत्र 1, अर्थात् लेखे के तत्व, और प्रश्न पत्र 4 अर्थात् सामान्य वाणिज्य ज्ञान और अर्थशास्त्र में छूट दे दी जाये । इस निर्णय को लागू करने के लिए रैगुलेशन्स में संशोधन किया जा रहा है ।

## VI. व्यावसायिक विकास

### 1. आत्म-नियंत्रित—उपाय

कौंसिल ने दिसम्बर, 1970 में कुछ आत्म-नियंत्रित उपाय उठाने का निर्णय किया था ताकि सदस्यों के बीच व्यावसायिक कार्य के समान प्रवाह को सुनिश्चित किया जा सके । ये इंस्टीट्यूट के जनरल में प्रकाशित किये गये थे । इन उपायों की धारा 4 में व्यवस्था है कि चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स की कोई फ़र्म जो आडिट का कार्य करती है, उसमें पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों और स्टेचुरी

कार्पोरेशनों, जिनकी पेड अप शेयर केपिटल कम से कम रु० 1 लाख प्रत्येक थी, के पांच आडिटों के लिये कम से कम एक सदस्य होना चाहिए ।

इस तथ्य को ध्यान में रहते हुए कम्पनी कानून में स्वयं ही आडिट की अधिकतम संख्या निश्चित कर दी गई है, कौंसिल ने निर्णय किया है कि आत्मनियंत्रित उपायों में से उपयुक्त धारा 4 निकाल दी जाये ।

**2. पूर्ण कालिक सेवा के सदस्य जो चार्टर्ड एकान्उटैन्ट्स फर्मों में पार्टनर हैं, आडिट की सीलिंग के नियम के दुरुपयोगों न माने जायें**

कौंसिल ने कम्पनी कानून में आडिट की संख्या की सीलिंग सम्बन्धी नियम के दुरुपयोग की संभावना पर विचार किया है, ऐसे मामलों में जहां सदस्य पूर्ण-कालिक सेवा में हैं और प्रैक्टिस कर रही चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स फ़र्मों में साझेदारी मिल जाती है और जिससे फ़र्म को कम्पनी आडिट का अधिक कोटा प्राप्त करने का अधिकार मिल जाता है । कौंसिल ने निर्णय किया है कि कम्पनी मामलों के विभाग को कम्पनी कानून में संशोधन करने का एक सुझाव दिया जाये कि यदि कोई सदस्य जो पूर्ण-कालिक सेवा में है, प्रैक्टिस कर रही चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स फर्म में पार्टनर है, उसे कम्पनी आडिट की संख्या की सीलिंग के उद्देश्य के लिए न गिना जाये ।

कौंसिल ने आगे यह भी निर्णय किया है कि आत्म-नियंत्रित-उपायों में एक उचित धारा जोड़ी जाये, जिसमें यह उल्लखित हो कि उपर्युक्त कम्पनी कानून में संशोधन होने तक, कार्य प्रैक्टिस कर रही चार्टर्ड एकाउटैन्ट्स की फर्म आडिट की संख्या के उद्देश्य के लिए न गिनी जाये, फर्म कम्पनी एक्ट के भाग 224 की व्यवस्थाओं के अधीन कितने भी पार्टनर्स जो पूर्ण-कालिक सेवा में हैं, स्वीकार कर सकती है ।

**3. 10 वर्ष से कम प्रैक्टिस वाले सदस्यों को केवल लघु आडिट के लिये ही नियुक्ति की जाए**

एक अन्य निर्णय जो कौंसिल द्वारा किया गया है वह व्यवसाय के कनिष्ठ सदस्यों को सहायता प्रदान करने हेतु यह है कि कम्पट्रोलर एण्ड आडीटर जनरल आफ इन्डिया को यह सुझाव दिया जाए कि सरकारी कम्पनियों और निगमों, जिनका आडिट शुल्क रु० 2,500 से अधिक नहीं है, के आडिटरों के रूप में केवल उन सदस्यों की ही नियुक्ति की जाए जिन्हें दस वर्षीय पूर्ण कालिक प्रैक्टिस का अनुभव है । साझेदारी फर्मों के मामले में, यह नियम उन सभी फर्मों पर लागू हो जहां सभी पार्टनर 10 वर्षीये पूर्ण-कालिक प्रैक्टिस से कम का अनुभव रखने वाले सदस्य हों ।

कौंसिल ने यह भी निर्णय किया है कि आत्म-नियंत्रित उपायों में एक उपयुक्त धारा इस संबंध में जोड़ दी जाए ।

**4. सरकारी संस्थानों और निगमों के मामले में आडिट शुल्क निश्चित करने के लिए कमेटी**

कौंसिल ने प्रेजिडेन्ट की अध्यक्षता में एक कमेटी नियुक्त की है, जो सरकार के प्राधिकारियों से सरकारी संस्थानों और निगमों द्वारा अदा किए जाने वाले आडिट शुल्क निश्चित करने के बारे में उपयुक्त मार्ग दर्शनहेतु निर्देश देने के विषय में वार्तालाप करेगी ।

**5. साझेदारी फर्मों के लेखे के अनिवार्य आडिट**

कौंसिल ने सन् 1971 में तत्कालीन कम्पनी मामलों के मंत्री श्री के० वी० रघुनाथ रेड्डी को पार्टनरशिप एक्ट में संशोधन करने हेतु एक प्रस्ताव किया था जिसमें साझेदारी के लिए निश्चित

मात्रा में अनिवार्य आडिट की आवश्यकता पर बल दिया था, लेकिन सरकार ने सूचित किया था कि टैक्सेशन लांज (एमेन्डमेंट) बिल, 1973 की धारा 39 में दी गई व्यवस्थाओं के अधीन पार्टनरशिप एक्ट में कोई संशोधन करने की आवश्यकता नहीं है । अब उपर्युक्त बिल संसद द्वारा पारित कर दिया गया है और बिल की उपर्युक्त धारा 39 में भारी परिवर्तन किया गया है, कौंसिल ने यह निर्णय किया है कि सरकार से मूल प्रस्ताव पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया जाए ।

**6. चार्टर्ड एकाउंटेन्ट्स को चीफ एकाउन्टेंट्स आदि के रूप में नियुक्ति**

सरकार को एक सुझाव दिया गया है कि प्रत्येक कम्पनी और सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थानों जिनकी शेयर पूंजी रु० 25 लाख से अधिक अथवा जिनका व्यापार रु० 1 करोड़ से अधिक है, में चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स को अनिवार्य रूप से चीफ एकाउन्टेन्ट्स अथवा लेखा विभाग का प्रमुख नियुक्त किया जाए । सरकार को दिए गए प्रतिवेदन में इस बात पर जोर दिया गया है कि चीफ एकाउन्टेन्ट की ड्यूटीज कम्पनी सचिव से कम दूभर नहीं है और कम्पनी सचिव की नियुक्ति कानून के अन्तर्गत अनिवार्य है ।

आगे यह भी, कि लेखे कि उचित रखरखाव के लिए एवं हमारे देश में निगम-विधान के सामाजिक-आर्थिक उद्देश्यों को ध्यानमें रखते हुए, इस प्रकार की नियुक्त बहुत ही महत्वपूर्ण होगी ।

इस बात पर जोर दिया गया कि चार्टर्ड एकाउन्टेंन्ट्स की नियुक्ति के लिए कम्पनी एक्ट में व्यवस्था के फलस्वरूप शेयर होल्डरों, कराधान प्राधिकारियों, वित्तीय संस्थानों के लेखों के रखरखाव और अनुशासन बनाए रखने में बहुत लाभ होगा ।

ब्यूरो आफ पब्लिक एन्टरप्राइजिज को भी एक प्रतिवेदन किया गया है जिसमें इस बात पर बल दिया गया है सार्वजनिक क्षेत्र की कम्पनियां और संस्थानों में अधिकाधिक चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स की नियुक्ति, वित्तीय निदेशकों और नियंत्रक के रूप में की जाए ।

**7. कम्पनी सचिवों के रुप में चार्टर्ड एकाण्टेंट्स की नियुक्ति**

सदस्यों को यह ज्ञात ही है कि 1 फरवरी, 1975 से कम्पनीज (एमैन्डमेंन्ट) एक्ट 1974 द्वारा एक नवीन सैक्शन 383ए बनाया गया है जिसमें यह व्यवस्था है कि प्रत्येक कम्पनी जिसकी पेड-अप पूंजी रु० 25 लाख अथवा अधिक है, उसके यहां एक पूर्णकालिक सचिव होगा, एक्ट की धारा 2(45) में भी संशोधन किया गया है और यह व्यवस्था की गई है कि सचिव केवल वही व्यक्ति विशेष होगा जिसमें कि निर्धारित योग्यताएं हों । अधिसूचना दिनांक 7 मार्च, 1975 द्वारा भारत सरकार ने नियम बनाए हैं जिसमें यह व्यवस्था की गई है कि उन कम्पनियों के मामले में जिनकी पेडअप शेयर पूंजी रु० 25 लाख या अधिक है, मुख्य निर्धारित योग्यता इंस्टीट्यूट आफ कम्पनीज सैक्रेटरीज आफ इन्डिया की सदस्यता होगी, जिसमें यह भी व्यवस्था होगी कि (1) फरवरी, 1975 में 5 वर्ष की अवधि के लिए इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड सेक्रेटरीज और एडमिनिस्ट्रेटर्स लंदन का सदस्य भी नियुक्ति के लिए ग्रहय होगा, (2) वर्तमान कम्पनी सचिव कम्पनी के कार्यालय में लगातार कार्य करने के सीमित उद्देश्य के लिए ही आवश्यक योग्यताएं धारक माने जाएंगे ।

कौंसिल ने सरकार द्वारा जारी की गई अधिसूचना का विरोध किया है जोकि इंस्टीट्यूट के सदस्यों के समुचित और सही दावों की अवहेलना करती है, जिससे वे सचिव के पद के लिए अपने प्रशिक्षण योग्यता का अनुभव के आधार पर अधिकारी होते हैं, इस मामले में संबंधित प्राधिकारियों से आग बातचीत जारी है ।

**8. अन्य संस्थाओं की सदस्यता**

कौसिल ने निर्णय किया है कि इंस्टीट्यूट के सदस्यों को अन्य संस्थाओं के सदस्य बनने की उस सीमा तक अनुमति दी जाये जब तक कि चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स एक्ट और उसके अधीन बनाये गये रैगुलेशन्स का उल्लंघन न ही होता । ये आचार संहिता से सम्बन्धित है जिनका पालन इंस्टीट्यूट के सदस्यों द्वारा अपेक्षित है, विशेषकर व्यावसायिक कार्य के लिए विज्ञापन और पक्ष-प्रचार के मामले में / उसी के साथ-साथ सदस्यों का ध्यान एक्ट के भाग 7 की ओर आकर्षित किया जाता है जो पद संज्ञा और पद-नाम शब्दों के प्रयोग से सम्बन्धित है ।

**9. वर्णन का प्रयोग—मैनेजमेंट कन्सलटैन्सी डिवीजन आन लेटर हैड आदि**

मैनेजमेंट कन्सलटैन्सी सर्विसेज के लिये सदस्यों की अनुमति प्रदान करने और चार्टर्ड एकाउन्टेंट्स एक्ट और उसके सम्बन्धी रेगुलेशन्स मे कुछ छूट देने की एक योजना "दि चार्टर्ड एकाउन्टेंट्स" की अप्रैल, 1973 अंक में प्रकाशित हुई थी । एक प्रश्न उठाया गया कि सांविधिक संशोधन होने तक और ऐक्ट की वर्तमान व्यवस्थाओं के ढांचे के अधीन, प्रैक्टिस कर रहा एक चार्टर्ड एकाउन्टेंट अथवा चार्टर्ड एकाउन्टेंट्स की एक फर्म अपने लेटर-हैड्स अथवा अन्य रूप में क्या यह सूचित कर सकती है कि वह मैनेजमेंट कसल्टेंसी सेवाएं प्रदान करता है । एक निश्चित प्रश्न यह उठता है कि क्या "मैनेजमेंट कन्सल्टेन्सी डिवीजन" शब्द उनके द्वारा या तो उनके पद-संज्ञा चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट के अतिरिक्त प्रयोग किये जा सकते हैं अथवा नही ।

कौंसिल को यह परामर्श दिया गया है कि वर्तमान सांविधिक अपेक्षिताओं को ध्यान मे रखते हुए इस प्रकार के वर्णन अथवा उसका प्रयोग वर्जित है । तदनुसार सदस्यों को परामर्श दिया जाता है कि वे इस प्रकार के वर्णन जैसे मैनेजमेंट कंसल्टेशन डिवीजन, टैक्सेशन डिवीजन आदि का प्रयोग अपने लेटर-हैड, विजीटिंग कार्ड, नाम प्लेट पर न करे ।

**10. व्यावसायिक विकास समिति**

(क) "आर्गेनाइजेशन आफ ए चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स" पर एक अध्ययन प्रकाशित कर दिया गया है ।

(ख) शुगर इन्डस्ट्री और सीमेंट इन्डस्ट्री के आडिट के लिये एक तकनीकी गाइड को अन्तिम रूप दिया जा चुका है और वह छप रही है ।

(ग) राष्ट्रीयकृत बैंकों की शाखाओं के आडिट के लिये आडिटरों का पैनल बनाने के सम्बन्ध में बैंकिंग विभाग, भारत सरकार को एक प्रतिवेदन दिया गया था ।

(घ) बगलौर मे जून, 1975 मे एक नैशनल कान्फ्रेंस आफ एकाउन्टेन्ट इन इन्डस्ट्री आयोजित की गई है ।

**11. अनुसन्धान**

(क) आयकर एक्ट, 1961 के भाग 35 (i) (ii) के अर्थ में वैज्ञानिक अनुसन्धान करने के लिए एक स्थापित इंस्टीट्यूट के रूप में इंस्टीट्यूट को मान्यता मिली हुई है । आशा है, यह मान्यता हमारे व्यवसाय के सदस्यों से उदार योगदान आकर्षित करेगी । साथ ही, अन्य भी इस इंस्टीट्यूट द्वारा किये गये वैज्ञानिक अनुसन्धान की गति को तीव्र करने के लिये सहायक होंगे ।

उपर्युक्त मान्यता के फलस्वरूप निम्नलिखित से वैज्ञानिक अनुसन्धान के लिए प्राप्त दान को कौंसिल साभार स्वीकार करती है : -

| | |
|---|---|
| मैसर्स सी० सी० चौक्सी एण्ड कं० बम्बई . . | रु० 50,000 |
| मैसर्स नौशीर एम मारफतिया एण्ड कं०, अहमदाबाद . . | रु० 10,001 |

(ख) गैर-बैंकिंग कम्पनियों में जमा राशि स्वीकार करने के सम्बन्ध में इंस्टीट्यूट के प्रतिनिधि गैर-बैंकिंग कम्पनियों, रिजर्व बैंक आफ इंडिया के अध्ययन-ग्रुप से मिले ।

(ग) निम्नांकित अनुसन्धान अध्ययन जारी कर दिये गये हैं :

(1) कास्ट आडिट की गाइड

(2) लेखों में ट्रीटमेन्ट आफ रिटायरमेंट ग्रेच्यूटी के विवरण का द्वितीय संशोधित संस्करण ।

(घ) इंडस्ट्रियल अलकोहल और शूगर इंडस्ट्रीज के लिये कास्ट एकाउंटिंग रिकार्ड रूल्स पर इस्टीट्यूट के विचारों को कम्पनी कानून विभाग को प्रेषित कर दिया गया था ।

(ङ) मैसर्स हिन्दुस्तान लिवर लि० बम्बई के सहयोग से अनुसन्धान समिति ने एक अनुसंधान प्रोजेक्ट एकाउन्टिंग फार इंफ्लेशन' पर कार्य आरम्भ कर दिया है ।

(च) एक एक्सपोजर ड्राफ्ट "ट्रीटमेंट आफ फ्लूएंटिंग फारन एक्सचेंज रेटस इन एकाउन्ट्स" पर जनरल में प्रकाशित किया गया था और सदस्यों के विचार आमंत्रित किये गये थे ।

## 12. शील्ड पैनल

सर्वोत्तम लेखा प्रस्तुत करने के लिये हुई प्रतियोगिता में प्राप्त 106 प्रविष्टियों पर विचार करने के बाद निम्नांकित पुरस्कार प्रदान किये गये :—

### वर्ष 1972–73 में सर्वोत्तम लेखा प्रस्तुत करने पर शील्ड

इस वर्ष कोई भी वार्षिक लेखा इस प्रतियोगिता के लिये प्राप्त नहीं हुआ, जिसे रजत शील्ड दी जा सकती ।

### अत्याधिक प्रशंसित लेखों के लिए पट्टिका (प्लाक्स)

भारत कामर्स एण्ड इन्डस्ट्रीज लि०—31 दिसम्बर, 1972 को समाप्त वर्ष के लिये ब्रिटेनिया बिस्कुट लि०—31 मार्च, 1972 को समाप्त वर्ष के लिये फिलिप्स इंडिया लि०—31 दिसम्बर 1973 को समाप्त वर्ष के लिये ।

## 13 टैक्सेशन समिति

(क) कर के उद्देश्यों के लिये, जिसमें कि सदस्यों ने विशेष रुचि दिखाई थी, अनिवार्य आडिट के विषय पर पूरक विचार संसद की सलेक्ट कमेटी को प्रस्तुत किये गये जिसमें बल दिया गया कि अनिवार्य करके आडिट सम्बन्धी मूल व्यवस्थाओं को बनाये रखा जाये ।

(ख) जैसा कि कौंसिल ने प्राधिकृत किया था, समिति ने कर के टालमटोल पर अनुसन्धान प्रोजेक्ट सम्बन्धी विस्तृत प्रस्ताव योजना आयोग को प्रस्तुत किये, परन्तु योजना आयोग ने अभी हाल ही में इंस्टीट्यूट को लिखा है कि प्रोजेक्ट के लिये वित्त य सहायता देना उसके लिये सम्भव नहीं है। फिर भी, इस विषय के महत्व को ध्यान में रखते हुये यह प्रस्तावित किया गया है कि आयकर एक्ट, 1961 की धारा 35(2ए) के अधीन इस अनुसन्धान प्रोजेक्ट की स्वीकृति के लिये सरकार से सम्पर्क किया जाए, ताकि इंस्टीट्यूट के लिये यह सम्भव हो सके कि वह स्वयं इस कार्य को करने के लिए वित्तीय सहायता जुटा सके।

(ग) इंस्टीट्यूट का एक शिष्ट-मंडल संसद् की सलेक्ट कमेटी से मिला और सलेक्ट कमेटी को दिल्ली सेल्स टैक्स बिल, 1973 में निहित प्रस्तावित व्यवस्थाओं के बारे में मौखिक प्रमाण प्रस्तुत किये।

(घ) वित्त मंत्री को प्रस्तुत प्री-बजट और पोस्ट-बजट ज्ञापन के अतिरिक्त, समिति ने निम्नलिखित प्रतिवेदन प्रत्यक्ष करों के केन्द्रीय बोर्ड को प्रस्तुत किये और उनके परिणाम प्रत्येक के आगे दिये हुये हैं : —

(1) वास्तविक लागत के आधार पर देसी कारों के मूल्य ह्रास, भत्ता प्राप्ति इस बात को ध्यान में रखते हुये कर-दाता ने क्या मूल्य अदा किया है पर प्रतिवेदन दिया और उसे स्वीकार कर लिया गया है और वित्त एक्ट, 1975 में आवश्यक संशोधन कर दिये गये हैं।

(2) आयकर के रिटर्न प्रस्तुत करने में देरी के मामलों में ब्याज को छोड़ देने के लिये प्रतिवेदन, यदि देरी अपरिहार्य अथवा जानबूझकर नहीं की गई है—विचाराधीन है।

(3) अनुलाभ के मूल्यांकन के लिये वर्तमान नियमों में संशोधन करने के लिये प्रतिवेदन—विचाराधीन है।

(4) विदेशी निवेषों के लिये सरकार द्वारा जारी किये गये नये मार्ग-निर्देशन आदेशों को क्रियान्वित करने से कर दाताओं के समक्ष आने वाली वास्तविक कठिनाइयों को दूर करने के लिये प्रतिवेदन—विचाराधीन है।

(5) होल्डिंग कम्पनियों द्वारा अपनी पूर्ण स्वामित्व सहायक कम्पनियों को हस्तांतरित परिसम्पत्तियों और इसकी ओर से भी इसी प्रकार, में आने वाली वास्तविक कठिनाइयों को दूर करने के लिये प्रति वेदन—विचाराधीन है।

(6) अचल सम्पत्तियों के मूल्यांकन के सम्बन्ध में प्रतिवेदन—विचाराधीन है।

(7) कम्पनियों के अकथ्य-शेयरों के मूल्यांकन के सम्बन्ध में प्रतिवेदन-विचाराधीन है।

(8) अनिवार्य जमा मूल्य के सम्बन्ध में सम्पत्ति कर में छूट प्राप्त करने के लिये प्रतिवेदन—बोर्ड ने हमारे सुझाव को स्वीकार करने में असमर्थता प्रकट की है।

(9) ग्रेच्युटी के लिये व्यापार अथवा व्यवसाय के लाभ और फायदे की गणना करने के सम्बन्ध में उपबन्धों को निकालने के बारे में प्रतिवेदन—बोर्ड ने हमारे सुझाव को स्वीकार करने में अपनी असमर्थता प्रकाट की है

(10) विदेशी नागरिकों के लिए एडीशनल एमोलूमेंट्स (कम्पलसरी डिपोजिट) स्कीम, 1974 को लागू करने से छूट प्राप्त करने के लिये प्रतिवेदन—बोर्ड ने हमारे सुझाव को स्वीकार करने में अपनी असमर्थता प्रकट की है ।

(11) आयकर एक्ट के भाग 80 एच एच और 80 जे (6ए) के अधीन आडिट रिपोर्ट के फार्मों के बारे में प्रतिवेदन—हमारे द्वारा सुझाये गये आडिट रिपोर्ट के फार्म और भाग 80 एच एच के आधीन बोर्ड द्वारा निर्धारित फार्म समान है ।

(12) चैक द्वारा करों के भुगतान के बारे में प्रतिवेदन—सिद्धांतरूप में स्वीकार ।

(13) एडीशनल एमोलूमेंट्स (कम्पलसरी डिपोजिट) स्कीम, 1974 के अधीन आडिट के बारे में प्रतिवेदन—बोर्ड ने हमारे सुझाव को स्वीकार करने में असमर्थता प्रकट की है ।

14. **कम्पनी कानून समिति :**

समिति ने अनेक मामलों पर विचार किया और उनमें से कुछ महत्वपूर्ण निम्नांकित हैं :—

(क) रिजर्व बैंक आफ इंडिया एक्ट के भाग 45 एम ए के उपबन्धों, कम्पनी आडीटरों की अतिरिक्त ड्यूटी निक्षेपण करना, के बारे में सरकार को प्रतिवेदन ।

(ख) कम्पनी लेखों में कराधान के लिये गैर-व्यवस्थाओं का विवरण जारी करना ।

(ग) रिजर्व बैंक आफ इंडिया एक्ट के भाग 45 एम ए के अधीन आडीटरों की ड्यूटीज पर मार्ग-दर्शन नोट के एक्सपोजर ड्राफ्ट को अन्तिम रूप देना ।

कम्पनीज (संशोधन) एक्ट, 1974 के लागू करने के बाद अपने किस्म की पहली एक सेमिनार "रीसेन्ट ट्रैन्ड्स इन कम्पनी लैजिसलेशन" विषय पर नई दिल्ली में 23 और 24 अगस्त, 1975 को आयोजित की गई ।

15. **पोस्ट ग्रेजुएट पाठ्यक्रम समिति**

(क) वर्ष के दौरान हुई मैनेजमेंट एकाउन्टेन्सी कोर्स परीक्षोंओं के सम्बन्ध में विवरण परिशिष्ट 9 में दिया गया है ।

(ख) गहन अध्ययन के लिये मूल पाठ्य पुस्तकों की सूची और मैनेजमेंट एकाउन्टेन्सी पाठ्यक्रम के प्रश्न-पत्र (1) और (2) के लिये संदर्भ पुस्तकों को संशोधित किया गया ।

(ग) मैनेजमेंट एकाउन्टेन्सी पाठ्यक्रम के लिये विभिन्न केन्द्रों पर कार्य कर रहे सलाहकार ग्रुपों को सहायता प्रदान करने के लिये मार्ग-दर्शन नियमों को अन्तिम रूप दिया गया ताकि वे और सक्रियता से कार्य कर सकें ।

(थ) मैनेजमेंट एकाउन्टेन्सी पाठ्यक्रम के पार्ट 2 कर रहे श्रेष्टतम विद्यार्थी को "7वीं कांफ्रेन्स आफ चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट स्कालरशिप" पुरस्कार प्रदान करने की एक स्कीम को अन्तिम रूप दिया गया ।

(ङ) मैनेजमेंट एकाउन्टेन्सी पाठ्यक्रम पार्ट 1 परीक्षा (दोनों ग्रुपों) में एक बार में ही उत्तीर्ण करने वाले और ग्रुप 1 में सबसे अधिक अंक पाने वाले अभ्यर्थी को "तुलसीराम दैवीदयाल मैमोरियल पुरस्कार" प्रारम्भ करने का निर्णय किया गया है ।

(च) मैनेजमेंट एकाउन्टेन्सी पाठ्यक्रम के लिये पुस्तकें क्रय करने हेतु 11 अभ्यर्थियों को प्रोत्साहन योजना के अधीन रु० 500 की योग्यता छात्रवृत्ति स्वीकृत की गई ।

(छ) वर्ष के दौरान 10 अभ्यर्थियों ने व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिये अपने नाम पंजीकृत कराये ।

(ज) "मैनेजमेंट क्वार्टरली" और "इकोनोमिक क्वार्टरली" के प्रकाशित प्रथम संस्करणों में चालू आर्टिकल्स का सार दिया गया है ताकि जो अभ्यर्थी मैनेजमेंट एकाउन्टेन्सी परीक्षा के ग्रुप 2 के प्रश्नपत्र (1) और (2) की तैयारी कर रहे हैं, उन्हें लाभ हो सके । इन दोनों त्रैमासिकों का वार्षिक चंदा रु० 150 है । जो अभ्यर्थी मैनेजमेंट एकाउन्टेन्सी पाठ्यक्रम कर रहे हैं, उनके लिये वार्षिक चन्दा रु० 120 है ।

### 16. मैनेजमेंट एकाउन्टेन्सी में पोस्टग्रेजुएट पाठ्यक्रम –पद संज्ञा शब्दों का प्रयोग

जिन सदस्यों ने मैनेजमेंट एकाउन्टेंसी में पोस्ट ग्रेजुएट पाठ्यक्रम पूरा कर लिया है, वह वर्तमान में अपने नाम के आगे "डी एम ए" शब्दों के प्रयोग के अधिकारी हैं । कौंसिल के सामने एक ऐसा मामला लाया गया है कि एक विश्वविद्यालय समान पद संज्ञा शब्दों के प्रयोग का अधिकार प्रदान करता है । अतः दो इंस्टीट्यूटों द्वारा एक से शब्दों के प्रयोग की भ्रांति को दूर करने के लिये यह निर्णय किया गया है कि पद संज्ञा शब्दों को बदल कर "डी एम ए (आई सी ए)" कर दिया जाये । चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट रेगुलेशन्स को इस प्रकार से परिवर्तित करने के लिये संशोधित किया जा रहा है ।

### 17. अविच्छिन्न शिक्षा कार्यक्रम

पोस्ट-ग्रेजुएट पाठ्यक्रम समिति ने अपने अविच्छिन्न शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत निम्नांकित पाठ्यक्रम/सेमिनारों का आयोजन किया :—

(1) प्रोजेक्ट मैनेजमेंट—बंगलौर में 12, 13 और 14 अप्रैल, 1974 को ।

(2) कार्पोरेट टैक्स प्लानिंग—हैदराबाद में 19, 20 और 21 अप्रैल, 1974 को ।

(3) क्वान्टिफिकेशन एण्ड दि एकाउन्टेन्ट—बम्बई में 17, 18 और 19 मई, 1974 को ।

(4) आडिटिंग में स्टेटिसटिकल सैम्पलिंग—दिल्ली में 7, 8 और 9 जून, 1974 को ।

(5) एकाउंटिंग और आडिटिंग में कम्प्यूटर—मद्रास में 16, 17 और 18 अगस्त, 1974 को ।

(6) कोर्पोरिट टैक्स प्लानिंग—बम्बई में 21, 22 और 23 अगस्त, 1974 को

(7) मैनेजमेंट कन्ट्रोल सिस्टम और आर्गेनाइजेशन स्ट्रक्चर—कलकता मे 19, 20 और 21 सितम्बर, 1974 को ।

(8) नये प्रोजेक्टों के लिए टैक्स प्लानिंग—कानपुर मे 1, 2 और 3 नवम्बर, 1974 को ।

(9) फाइनेंशल मैनेजमेन्ट पर रेजिडैन्शियल कोर्स—बंगलौर में 23, 24, 25, 26 और 27 दिसम्बर, 1974 को ।

(10) एकाउन्टैन्ट के लिए कम्प्यूटर की जानकारी—नई दिल्ली में 14. 15, 16, 17 फरवरी, 1975 को ।

(11) टैक्स प्लानिग तथा फाइनेंशियल मैनेजमेट—जयपुर में 19, 20 और 21 अप्रैल, 1975 को ।

उपर्युक्त के अलावा समिति ने एक सेमिनार "पब्लिक सैक्टर में एकाउन्टैबिलिटी" पर नई दिल्ली में 30, 31 मार्च और 1 अप्रैल, 1975 को ब्यूरो आफ पब्लिक एण्टरप्राइजज के सहयोग से आयोजित की ।

18. विशेषज्ञ सलाहकार समिति

विशेषज्ञ सलाहकार समिति ने उसे प्राप्त 9 प्रश्नों पर अपनी राय प्रकट की ।

19. रोजगार समिती ।

31 मार्च, 1975 को रोजगार रजिस्टर में सदस्यों की संख्या 184 थी, जब कि 31 मार्च, 1974 को 148 थी ।

चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स के लिए रिक्तियां सम्बन्धी प्रमुख समाचार पत्रों की क्लिपिंग रोजगार रजिस्टर मे लिखे हुए सदस्यों को भेजने की सेवा के लाभ को सुनिश्चित करने के लिए एक सर्कुलर सभी अभ्यर्थियों को भेजा गया । जो उत्तर प्राप्त हुए हैं, उनसे प्रतीत होता है कि इस सेवा को सदस्यों ने अत्याधिक पसंद किया है और इंस्टीट्यूट को इस सेवा को जारी रखना चाहिए । अतः सदस्यों की आवश्यकता की पूर्ति के लिए इस सेवा को जारी रखा जा रहा है ।

मई, 1974 में सम्पन्न हुआ अंतिम परीक्षा में जो अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए और जो सार्वजनि क्षेत्रसंस्थानों में कार्य करना चाहते हैं, उनकी एक सूची कौंसल के सभी सदस्यों को इस अनुरोध के साथ भेजी गई है कि वे इन युवा अभ्यर्थियों की सहायता करें और प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र संस्थानों को, जिनको चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स की आवश्यकता है, उनके नामों की सिफारिश करें इसी प्रकार की प्रक्रिया नवम्बर 1974 में उत्तीर्ण हुए अभ्यर्थियों के लिए भी अपनाई गई थी ।

सरकारी संस्थानों मे नियुक्त चार्टर्ड एकाउन्टैन्टों द्वारा प्रैक्टिस करने की सर्टिफिकेट धारण करने के बारे में एक प्रतिवेदन ब्यूरो आफ पब्लिक एण्टरप्राइजेज को इस अनुरोध के साथ भेजा गया कि वह सभी बातों को ध्यान में रखकर चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट कर्मचारियों के प्रैक्टिस करने की सर्टिफिकेट को रखने की अनुमति प्रदान करने के समुचित अनुरोध को स्वीकार करे ।

एक प्रतिवेदन ब्यूरो आफ पब्लिक एण्टरप्राइजेज को भी भेजा गया था जिसमें इस बात पर बल दिया गया कि सार्वजनिक क्षेत्र संस्थानों के लेखे और वित्त प्रभागों में सर्वोच्च स्थानों की पूर्ति

व्यावसायिक लोगों से की जाये। ब्यूरो से अनुरोध किया गया है कि वह सार्वजनिक क्षेत्र संस्थानों से व्यक्तिगत और सम्बन्धित मंत्रालयों द्वारा सम्पर्क करें ताकि इस तत्व-ज्ञान को व्यावहारिक शकल प्रदान की जा सके।

"उज्जवल भविष्य की ओर" विषय पर जो वर्कशाप सेमिनार होनी थी, उसे स्थगित करना आवश्यक हो गया क्योंकि जो तिथियां पहले निश्चित की गई थीं वह कामनवैल्थ कांफ्रेंस आफ एकाउन्टैन्ट्स जो नई दिल्ली में फरवरी, 1975 में सम्पन्न हुई, की तिथियों से समीप थीं। अब इसका आयोजन अक्टूबर, 1975 में किसी समय करने का प्रस्ताव है।

### 20. विश्वविद्यालय सम्पर्क समिति

प्रमुख शिक्षाविदों और कौंसिल सदस्यों की एक वर्कशाप 15 सितम्बर, 1974 को आयोजित की गई थी, जिसमें शिक्षा के क्षेत्र के महत्व के मामलों और सदस्य दोनों के लिए, साथ ही पोस्ट-क्वालिफिकेशन शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र के मामलों पर विचार-विमर्श हुआ।

गुजरात विश्वविद्यालय को एक आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया है कि वह अनुसंधान द्वारा पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री विद्यार्थियों को मार्ग-प्रशस्त करने के उद्देश्य हेतु इंस्टीट्यूट को मान्यता प्रदान करें।

### 21. इंस्टीट्यूट के न्यूजलैटर तथा जरनल

एक न्यूजलैटर जुलाई, 1975 से आरम्भ किया गया है जो इंस्टीट्यूट के सभी सदस्यों को निःशुल्क भेजा जायेगा। न्यूजलैटर में अन्य बातों के साथ-साथ इंस्टीट्यूट की कुछ अधिसूचनाएं होंगी जो सांविधिक दायित्वों, न्यूज तथा नोट्स, सांख्यकीय, सदस्यता आदि को पूरा करेगा।

इसी के साथ जुलाई, 1975 से जरनल का मूल्य सभी के लिए देय होगा, जिसमें सदस्य भी सम्मिलित हैं। जरनल की सामग्री को सुधारने के लिए सभी पग उठाये जा रहे हैं।

## VII अन्य मामले

### 1. प्रधान मंत्री के साथ मीटिंग

अध्यक्ष, जिनके साथ उपाध्यक्ष और सचिव भी थे प्रधान मंत्री से 24 जुलाई, 1975 को मिले। वित्त मंत्री तथा कानून, न्याय और कम्पनी मामलों के मंत्री भी मीटिंग में उपस्थित थे। जिन बातों पर विचार हुआ उनमें इंस्टीट्यूट का यह प्रस्ताव भी था कि सभी कम्पनियों के लिए यह अनिवार्य हो कि उनके लेखा विभाग का इंचार्ज चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स हो, जिससे अधिक वित्तीय अनुशासन और अच्छा वित्तीय मैनेजमेन्ट स्थापित हो सके। अध्यक्ष ने यह भी दलील दी कि कर के टालमटौल के अध्ययन, जिसे सरकार द्वारा इंस्टीट्यूट को सौंपा गया था और वित्तीय कठिनाइयों के कारण वापस ले लिया गया था, पर पुनर्विचार हो। उन्होंने टैक्सेशन लॉज (संशोधित) बिल, 1973 को कानूनी रूप देने की आवश्यकता पर बल दिया, क्योंकि काले धन की बुराई को रोकने के लिए यह एक विकासशील और स्वस्थ माप-दंड है।

### 2. अपनी अन्य संस्थाओं के साथ सहयोग

कौंसिल का विचार है कि आपसी रुचि के अनेक क्षेत्र हैं जहां वह इंस्टीट्यूट आफ कास्ट एण्ड वर्क्स एकाउन्टैन्ट्स आफ इंडिया तथा इंस्टीट्यूट आफ कम्पनी सैक्रेटरीज आफ इंडिया के साथ सहयोग कर सकती है और जहां तक सम्भव हो ऐसे क्षेत्रों में उनके कार्यकलापों में समन्वय स्थापित किया

जाये । अपनी इंस्टीट्यूटों द्वारा भी इसे मान्यता दी गई है और इस सम्बन्ध में कार्य करने की संभावनाओं हेतु दोनों ही अपने इंस्टीट्यूटों के दो कार्यकारी ग्रुप बना दिये गये हैं—एक शिक्षा और प्रशिक्षण के लिए और दूसरा अनुसंधान, व्यावसायिक प्रशिक्षण और अनुशासन के लिए । वार्तालाप में प्रगति हो रही है और यह आशा की जाती है कि इसके जो लाभकारी परिणाम होंगे उससे इंस्टीट्यूट के सभी सदस्यों को बहुत लाभ पहुंचेगा ।

3. **चुनाव-पक्ष-प्रचार पर रोक**

चुनावों में उच्च नैतिक मानकों और अच्छा अनुशासन बनाये रखने के लिए कौंसिल ने निर्णय किया है कि पक्ष-प्रचार पर पुनः रोक लगा दी जाये, इसमें यह अनुबंध हो कि प्रत्येक अभ्यर्थी को अपने निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्येक मतदाता को एक परिपत्र भेजने की अनुमति दे दी जाये जिसमें वह अपने उम्मेदवारों की घोषणा और उनके मत देने का अनुरोध और अपने बारे में कुछ निर्दिष्ट विवरण दे सके ।

कौंसिल ने यह भी निर्णय किया है कि इंस्टीट्यूट के सदस्यों के विचार आमंत्रित किये जायें । इस सम्बन्ध में सदस्यों को एक परिपत्र भेजा जायेगा ।

4. **लाइब्रेरी**

वर्ष के दौरान नई दिल्ली स्थित केन्द्रीय लाइब्रेरी में 672 पुस्तकें और बढ़ाई गईं, जिससे पुस्तकों की संख्या 12075 हो गई । सदस्यों और विद्यार्थियों द्वारा लाइब्रेरी के प्रयोग में वृद्धि हुई है ।

5. **अन्य संस्थाओं में इंस्टीट्यूट के नामजद व्यक्ति**

इंस्टीट्यूट का अनेक बाह्य संस्थाओं में उसके सदस्यों द्वारा प्रतिनिधित्व किया जाता है, जिनकी सूची परिशिष्ट 10 के रूप में संलग्न है ।

6. **चार्टर्ड काउन्टेंट्स हितकारी कोष**

वर्ष के दौरान सदस्यों की संख्या 193 से बढ़कर 198 हो गई और वित्तीय राहत के रूप में रु० 11750 की राशि का वितरण किया गया । वर्ष के अंत में कोष के क्रेडिट में रु० 63,651 की राशि शेष थी, जब कि पिछले वर्ष के अंत में यह राशि रु० 67,206 थी ।

7. **एस० वैद्यनाथ अय्यर स्मारक कोष**

कोष के सदस्यों की संख्या वर्ष के दौरान 38 से बढ़कर 44 हो गई । वर्ष के अंत में कोष के क्रेडिट में रु० 25,323 का बैलेन्स था, जब कि पिछले वर्ष के अंत में रु० 24,552 था । रु० 3,850 की राशि छात्रवृत्ति के रूप में विद्यार्थियों को दी गई ।

## VIII रजत जयन्ती समारोह

इंस्टीट्यूट की स्थापना 1 जुलाई, 19 9 को हुई थी और इस प्रकार उसने 30 जून, 1974 को अपने अस्तित्व के 25 वर्ष पूरे कर लिये । 1 जुलाई, 1974 से आरम्भ होकर एक वर्ष की अवधि इंस्टीट्यूट की रजत जयन्ती वर्ष के रूप में मनाई गई ।

विविध कार्यक्रम आयोजित किये गये, जिनमें कांफ्रेंसें, सेमिनारें, लैक्चर मीटिगें, वर्कशाप्स आदि सम्मिलित है। एक विशेष समिति—रजत जयन्ती समारोह समिति बनाई गई जिसके चेयरमैन श्री एम० के० गुप्ता थे। केन्द्र और विभिन्न क्षेत्रों में अ क उप-समितियां भी कार्यक्रम आयोजित करने के लिए बनाई गई।

रजत जयन्ती वर्ष—30 जून, 1974 को आरम्भ के अवसर पर एक लघु लेख जिसका शीर्षक "राष्ट्र की सेवा में" पच्चीस वर्ष था, देश के प्रमुख समाचार पत्रो में प्रकाशित किया गया। इसमें समाज और राष्ट्र की सेवा चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स की भूमिका और महत्व तथा आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया। रजत जयन्ती समारोह के अवसर पर 1 जुलाई को समस्त देश में फैलोशिप मीटिगें आयोजित की गई। 10 जुलाई को इस्टीट्यूट के अध्यक्ष ने आकाशवाणी पर "आडिटर्स की सामाजिक जिम्मेदारियां" विषय पर परिचर्चा की, जुलाई 1974 के जरनल "दि चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स" का संस्करण रजत यन्ती अंक के रूप मे प्रकाशित किया गया इसमें इस्टीट्यूट और उसकी समितियों के कार्य कलापो पर अनेक लेख प्रकाशित किये गये। एक रजत जयन्ती स्मारक सील भी जारी की गई।

रजत जयन्ती कार्यक्रमो के मुख्य घटना कामन वैल्थ कान्फ्रेंस आफ एकाउन्टैन्ट्स थी जो अपने आप एक नयी घटना थी। इसका आयोजन नई दिल्ली के अशोका होटल के झिलमिलाते कन्वोकेशन हाल में 5 फरवरी और 8 फरवरी 1975 के बीच किया गया। कान्फ्रेंस का उद्घाटन भारत के राष्ट्रपति महामहिम श्री फखरुद्दीन अली अहमद ने किया। अन्य वक्ताओ में केन्द्रीय वित्त मंत्री माननीय श्री सी० सुब्रह्मनियम, उद्योग एवं नागरिक सम्पूर्ति मंत्री माननीय श्री टी० ए० पई एवं भारत के एटार्नी जनरल श्री नीरेन डे सम्मिलित थे। इस कान्फ्रेंस में कामनवैल्थ के अधिकाश महत्वपूर्ण एकाउन्टेंसी संस्थानों के प्रतिनिधि सम्मिलित थे। इसके अतिरिक्त देश के विभिन्न भागों से लगभग 1250 चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स ने इसमें भाग लिया, साथ आई तीन सौ महिलाओं ने सामाजिक उत्सवों में भाग लिया।

कामनवैल्थ कान्फ्रेंस आफ एकाउन्टैन्ट्स के उद्देश्य "आर्थिक विकास में एकाउन्टैन्ट्स की भूमिका" एवं इस उद्देश्य से संबद्ध महत्वपूर्ण विभिन्न विषयों पर, माप, संचार, पर्यावरण, प्रबन्ध एवं संरचना पर आयोजित पांच टैक्नीकल सत्रों में विचार किया गया। 5 फरवरी 1975 को चुने हुए प्रतिनिधियों के लिए ग्रुप विचार विमर्श किए गए थे जिनमें कान्फ्रेंस के लिए वितरित पत्रों पर विस्तार से विचार किया गया। कान्फ्रेंस के दिनों में संस्थाओं के प्रतिनिधियों एवं अन्य अतिथियों के मनोरंजनार्थ सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था, राष्ट्रपति द्वारा विदेशी आगतुकों और कौंसिल के सदस्यों को चाय पर आमंत्रित किया गया। समापन दिवस के दिन एक विदाई कोकटेल पार्टी होटल ओबेराय इन्टरकान्टीनैन्टल में आयोजित की गई।

यद्यपि भाग लेने वाले तकनीकी सैशनों में व्यस्त थे, साथ आई महिलाओं को नगर के एतिहासिक महत्वपूर्ण स्थानों पर भ्रमण कराया गया। सभी महिला प्रतिनिधियों का जिनके साथ प्रतिनिधियों की पत्नियां भी थीं प्रधान मंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी द्वारा अपने निवास स्थान पर स्वागत किया गया।

कौंसिल को इस बात को रिकार्ड करते हुए प्रसन्नता है कि कान्फ्रेंस अत्यधिक सफल रही और सभी प्रतिनिधियों द्वारा विशेष कर विदेशी अतिथियों द्वारा उसकी सराहना की गई। प्रतिनिधियो

